पत्रिका

वर्चुअल टूर से खनन क्षेत्र की मिलेगी जानकारी

जयपुर @ पत्रिका. राजधानी में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान समिट (9-11 दिसंबर) के दौरान राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो में हॉल-बी में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की ओर से स्टॉल लगाई जाएगी। यहां स्टॉल नं. 9 पर कम्पनी के ऑपरेशन और मेटल्स के बारे में लोगों को लाइव अनुभव मिलेगा। इमर्सिव वर्चुअल रियलिटी व वीआर प्रशिक्षण से अंडर ग्राउण्ड माइंस में मूविंग मशीनरी के ऑपरेशन तथा अत्याधुनिक तकनीकों की जानकारी भी मिलेगी। कंपनी की महिला खनन इंजीनियरों की ओर से प्रशिक्षण सिमुलेशन का प्रदर्शन होगा। वीआर आधारित फुटबॉल प्रशिक्षण सिमुलेशन के साथ ही नंदघर व आधुनिक आंगनबाड़ी का भी प्रदर्शन होगा। विशेष स्टोरी बुक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।